आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 18.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में देर रात आई प्राकृतिक आपदा में 14 लोग लापता, खोज और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- डाक विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल ने पूरे भारत में बीएसएनएल की मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए समझौता किया है।
- मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के दौरान देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया ळें

चमोली आपदा

चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में कल देर रात अतिवृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। नंदानगर के चार गांव अतिवृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। इस प्राकृतिक आपदा में 14 लोग लापता और बीस लोग घायल बताए जा रहे हैं। पैंतीस भवन भी मलबे की चपेट में आने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि क्षेत्र से अब तक करीब 200 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन से स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घायल लोगों के बेहतर इलाज, लापता व्यक्तियों की त्वरित खोज और राहत शिविरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली, पानी और क्षतिग्रस्त सड़कों की आपूर्ति बहाल करने के आदेश भी दिए।

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और अन्य एजेंसियां राहत कार्य में लगी हैं। भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण रेस्क्यू टीमों को पहुंचने में दिक्कत हो रही है, लेकिन टीमें पैदल मार्ग से घटनास्थलों पर पहुंच रही हैं।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों को अधिक स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए मतपत्रों के डिज़ाइन और प्रिंटिंग के मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। अब ईवीएम मतपत्र पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें प्रिंट की जाएँगी और फोटो के तीन–चौथाई हिस्से पर उम्मीदवार का चेहरा होगा ताकि वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे। एकरूपता के लिए सभी उम्मीदवारों के नाम और नोटा एक समान फोंट में मुद्रित किए जाएंगे। इन ईवीएम मतपत्रों का उपयोग बिहार विधानसभा चुनाव से शुरू किया जाएगा।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अगली पीढी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। 3 सितंबर को उनका सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कमी की। आज, हम बात करेंगे वस्त्र क्षेत्र की।

जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने कपड़ा उद्योग पर लगने वाले टैक्स में बड़ी कटौती कर आम आदमी पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम किया है। नए कर ढांचे में मानव निर्मित फाइबर पर जीएसटी की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वही मानव निर्मित धागों पर सरकार ने जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। सरकार के इस कदम से कपड़ा क्षेत्र में लागत कम होगी, जिससे मांग बढ़ने और निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वहीं रेडीमेड वस्त्रों पर भी लगने वाले जीएसटी में कटौती की गई है। अब दो हजार पांच सौ रुपए तक के प्रति पीस कपड़े के लिए कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिस श्रेणी दो और श्रेणी 3 के शहरों में मांग को बढ़ावा मिलेगा और श्रम गहन वस्त्र इकाइयों विशेष कर महिलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

डाक विभाग

डाक विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल ने पूरे भारत में बीएसएनएल की मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए समझौता किया है। कल नई दिल्ली में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते का उद्देश्य डिजिटल खाई को पाटना, ग्रामीण परिवारों को मोबाइल सेवाओं से सशक्त बनाना और वित्तीय समावेशन तथा सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए डिजिटल इंडिया के व्यापक लक्ष्यों को आगे बढ़ाना है। बीएसएनएल सिम कार्डों की बिक्री के लिए देशभर में एक लाख 65 हजार से अधिक डाकघरों के विशाल नेटवर्क का उपयोग करेगा।

"सेवा पर्व"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनसेवा और सुशासन के मंत्र का पालन करते हुए परिवर्तन और प्रगति लाने का अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला – "सेवा पर्व" में, आज, हम बात कर रहे हैं कि मोदी सरकार ने संबंध गतिविधियों में वृद्धि के माध्यम से कृषि को कैसे विविध क्षेत्र में बदल दिया है। पेश है एक रिपोर्ट

आज के भारत में खेती अब सिर्फ़ अनाज तक ही सीमित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि का विस्तार संबद्ध क्षेत्रों में भी हो रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों के लिए आय और लचीलेपन के नए स्रोत खुल रहे हैं।

भारत फलों, सब्जियों और मसालों के शीर्ष उत्पादक देशों में शामिल है। यह दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भी है, जहाँ गाँवों में डेयरी समृद्धि का माध्यम बनकर उभर रही है। मत्स्य निर्यात 20 अरब डॉलर को पार कर गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य पालन और जलीय कृषि का आधुनिकीकरण हो रहा है।

मौसम

और अब एक नजर मौसम पर... देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 36 घंटों के दौरान राज्य के देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 22 सितंबर तक राज्य में बारिश का अनुमान जताया है। इस अवधि में लोगों से मौसम पूर्वानुमान देखने के बाद ही यात्रा करने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा, खराब मौसम की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और संवेदनशील स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी गई है।

चमोली, देहरादून और राज्य के अन्य हिस्सों में कल देर रात से तड़के तक मूसलाधार बारिश दर्ज की गयी। राजधानी देहरादून में अभी बादल छाए हुए हैं। रुक–रुक कर हो रही बारिश और भूस्खलन के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में अवरुद्ध सड़कों को खोलने के प्रयास जारी हैं, जबकि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों के पुनर्निर्माण के प्रयास युद्धस्तर पर जारी हैं।